36

SET A

# HIGHER SECONDARY EDUCATION

## HALF YEARLY EXAMINATION 2017-18

HSE II

PART III

HINDI OPTIONAL

Score : 80

Time : 2 ½ hrs

Cool off Time : 15 Minutes

**सामान्य निर्देश :**

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें।

**सूचनाः** कवितांश पढ़ें और **1 से 3 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

दो हाथियों का
लड़ना
सिर्फ़ दो हाथियों के समुदाय से
संबंध नहीं रखता।
दो हाथियों की लड़ाई में
सबसे ज़्यादा कुचली जाती है
घास, जिसका
हाथियों के समूचे कुनबे से
कुछ भी लेना-देना नहीं।

1. 'परिवार' का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। (1)
   (समुदाय, कुनबे, घास)
2. दो हाथियों की लड़ाई में सबसे ज़्यादा कुचली जानेवाली वस्तु क्या है? (1)
3. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कविता की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (6)
4. मिलान करें। (4x1=4)

| | |
|---|---|
| रामचंद्र शुक्ल | सरोजस्मृति |
| सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | गद्यकाल |
| अज्ञेय | रानी केतकी की कहानी |
| इंशा अल्ला खाँ | प्रयोगवादी कवि |

**सूचनाः** 'वास्तव में घर एक पाठशाला है' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

आकाशवाणी पहुँचा तो अरुण कुमार पासवानजी ने स्वागत किया। उन्हें पहली बार देख रहा था। वे बहुत ही सौम्य और प्रीतिकर व्यक्ति लगे। उनसे ज्यों-ज्यों बात होती गई, उनकी प्रीतिकर्ता हम दोनों पर छाती गई। देखा, उनकी मेज़ पर मेरी आत्मकथा(सहचर है समय) रखी हुई है। मैंने पूछा,"आज का कार्यक्रम क्या है?"

उन्होंने कहा, "आपसे थोड़ी बातचीत करनी है।" मैंने अपना कविता-संग्रह (पचास कविताएँ) साथ रख लिया था, यह सोचकर कि शायद कविता-पाठ करना पड़े। पासवानजी ने मेरे हाथ में कविता-संग्रह देखा तो कहा, "अच्छा हुआ, जो आपने कविता-संग्रह साथ रख लिया है। बातचीत के बीच कविता-पाठ का भी क्रम चलता रहेगा।'

5. **समुच्चय बोधक** शब्द चुनकर लिखें। (1)
   (और, ने, लगे)

6. **संबंध बोधक** शब्द चुनकर लिखें। (1)
   (के बीच, तो, जो)

7. पहली मुलाकात में लेखक को पासवानजी कैसा व्यक्ति लगा? (2)

8. खंड का **संक्षेपण** करें और शीर्षक दें। (6)

**सूचना:** 9 और 11 में से **किन्हीं दो** का उत्तर लिखें। (2x2=4)

9. प्रेमचंद पूर्व युग के हिंदी उपन्यास साहित्य पर **संक्षिप्त टिप्पणी** लिखें।
   - जासूसी, तिलस्मी और ऐय्यारी
   - लाला श्रीनिवास, किशोरीलाल गोस्वामी

10. जीवनी की क्या-क्या विशेषताएँ हैं?
    - वैयक्तिक जीवन पर
    - मौलिकता
    - तटस्थ भाव

11. "एकांकी साहित्य की एक विधा है" -संकेतों के आधार पर एकांकी साहित्य पर अपना विचार लिखें।
    एक घटनावाला
    एक अंक का कार्यकलाप
    कथावस्तु, अभिनय....

**सूचना: 12 से 15 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (4x3=12)

12. कहानी एक ऐसी रचना है, जिसमें जीवन के किसी अंग या किसी मनोभाव को प्रदर्शित करना ही लेखक का उद्देश्य है। इस कथन पर ध्यान दें और **कहानी साहित्य के विकास पर टिप्पणी लिखें।**
    - कहानी का उदय
    - प्रमुख कहानीकार
    - विकास के विभिन्न युग

13. खंड का हिंदी में **अनुवाद** करें।

Food is essential for all living beings. Without food man cannot live long. Every man has to eat certain quantity of food. If he eats less than that quantity, his health will fail and he will fall ill. Eating a healthy, balanced diet is an important part of maintaining good health.

(essential - अवश्य, living beings - जीव-जंतुओं, certain quantity - निश्चित मात्रा, health - सेहत, balanced diet - संतुलित भोजन, maintaining - बनाए रखना)

14. जीवनवृत्त पढ़ें और अज्ञेय के बारे में **अनुच्छेद** तैयार करें।

**जीवनवृत्त**

| | |
|---|---|
| नाम | : सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय |
| जन्म | : 7 मार्च, 1911 |
| जन्मस्थान | : कसबा, गोरखपुर जिला, उत्तर प्रदेश |
| पेशा | : लेखक, पत्रकार, कवि |
| प्रमुख पुरस्कार | : 1964 साहित्य अकादमी पुरस्कार |
| | 1978 ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| मृत्यु | : 4 अप्रैल, 1987 |

15. साहित्य की एक श्रेष्ठ विधा है नाटक। सूचकों के आधार पर **नाटक साहित्य पर टिप्पणी लिखें**।

- अभिनय की प्रधानता
- भारतेंदु पूर्व, भारतेंदु, द्विवेदी, प्रसाद और प्रसादोत्तर नाटक
- संवाद का महत्व

**सूचना: 16 से 19 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (3x6=18)

16. विश्व मादक दवा विरोधी दिवस (World Anti-Drugs Day ) के अवसर पर स्कूल के मादक दवा विरोधी क्लब का उद्घाटन आबकारी आयुक्त (Excise Commissioner) करेंगे। उसके लिए एक **पोस्टर तैयार करें।**

- नशीली पदार्थ से दूर रहो
- नशा जान लेवा है
- नशे को छोड़ो रिश्ते को जोड़ो

17. 'वाह! आप भी बड़े विचित्र जीव हैं। कल पुस्तक ली थी, दाम दिए और पुस्तक यहीं छोड़कर चले बने।' खोई हुई पुस्तक लेखक को दुकान में मिली। **दुकानदार और लेखक के बीच का वार्तालाप लिखें।**

- पुस्तक खो जाना
- घर में खोजना
- दुकान वापस जाना
- वस्तुओं को ठीक से संभालना

18. प्रेमचंद जयंती के अवसर पर स्कूल में 'हिंदी साहित्य के बहुमुखी प्रतिभा: प्रेमचंद' विषय पर संगोष्ठी चलाई गई है। उसकी **एक रपट तैयार करें।**

- रचनाओं में समाज का सच्चा चित्रण
- अपने युग के अग्रणी रचनाकार
- रचनाकार कभी नहीं मरता

19. रामदरश मिश्र के साथ स्मिता भी आकाशवाणी गई। वहाँ के अनुभवों को स्मिता अपनी डायरी में लिखती है। **डायरी तैयार करें।**

- अरुण कुमार पासवान का व्यक्तित्व
- साक्षात्कार
- कविता पाठ

**सूचना: 20 से 23 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (3x8=24)

20. स्कूल के हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता चलाने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिता में प्रस्तुत करने के लिए 'राजभाषा और राष्ट्रभाषा' विषय पर **एक भाषण तैयार करें।**

- एकता का माध्यम
- अधिकांश लोगों की भाषा
- सरकारी कामकाज की भाषा
- समृद्ध साहित्य
- सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

21. 'जिस व्यक्ति को देखने के लिए मुझे इतना परिश्रम करना पडा आज वही मेरे समक्ष है।' रांगेय राघव से अपनी मुलाकातों के बारे में सुलोचना आत्मकथांश में लिखती है। वह **आत्मकथांश तैयार करें।**

- पहली मुलाकात
- अनुपम व्यक्तित्व
- पुस्तकालय में मुलाकात

22. आधुनिक गद्य साहित्य के विकास में नाटक, जीवनी, एकांकी, आत्मकथा आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। **गद्य साहित्य की विभिन्न विधाओं पर एक लेख लिखें।**

- नाटक में जीवन की अनुकृति
- जीवनी में विशेष घटनाओं का वर्णन
- एकांकी: पाश्चात्य साहित्य की देन
- आत्मकथा में यथार्थ की अभिव्यंजना

23. भारत की आत्मा गाँवों में फैला है। शहर में रहनेवाले अपने को सभ्य मानते हैं। 'शहरी और ग्रामीण सभ्यता की विविधता' विषय पर **निबंध लिखें।**

- गाँव: संस्कृति का दर्पण
- सादगी: जीवन की साँस
- तनावपूर्ण जीवन
- आर्थिक असमानता

# ANSWER KEY - HINDI OPTIONAL - HSE II

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | कुनबे | 1 | 1 |
| 2 | घास | 1 | 1 |
| 3 | कवि का परिचय दिया है।<br>कविता का सार है।<br>समकालीन संदर्भ से जोड़ा है।<br>कविता का विश्लेषण किया है। | 1<br>1<br>2<br>2 | 6 |
| 4 | रामचंद्र शुक्ल - गद्यकाल<br>सूर्यकांत त्रिपाठी निराला - सरोजस्मृति<br>अज्ञेय - प्रयोगवादी कवि<br>इंशा अल्लाखाँ - रानी केतकी की कहानी | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |
| 5 | और | 1 | 1 |
| 6 | के बीच | 1 | 1 |
| 7 | आशय ग्रहण किया है।<br>सही उत्तर लिखा है। | 1<br>1 | 2 |
| 8 | मुख्य आशयों का चयन किया है।<br>अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है।<br>अपनी भाषा को स्वीकारा है।<br>शीर्षक लिखा है। | 1<br>2<br>2<br>1 | 6 |
| 9 | आशय ग्रहण किया है।<br>बिंदुओं को विकसित किया है। | 1<br>1 | 2 |
| 10 | आशय ग्रहण किया है।<br>बिंदुओं को विकसित किया है। | 1<br>1 | 2 |
| 11 | आशय ग्रहण किया है।<br>बिंदुओं को विकसित किया है। | 1<br>1 | 2 |
| 12 | आशय ग्रहण किया है।<br>बिंदुओं को समेकित किया है।<br>आशय को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया है।<br>उपसंहार है। | 1<br>1<br>1<br>1 | 4 |

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 13 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | लक्ष्यभाषा में अनुवाद किया है। | 2 | 4 |
| | लक्ष्यभाषा की शैली का पालन किया है। | 1 | |
| 14 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | 4 |
| | क्रमबद्धता है। | 1 | |
| 15 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | बिंदुओं को समेकित किया है। | 1 | 4 |
| | आशय को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया है। | 1 | |
| | उपसंहार है। | 1 | |
| 16 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | उचित शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग है। | 2 | |
| | पोस्टर की शैली अपनाई है। | 2 | 6 |
| | आकर्षक एवं रोचक है। | 1 | |
| 17 | स्वाभाविक शुरुआत है। | 1 | |
| | प्रश्नोत्तर शैली है। | 2 | |
| | प्रवाहमयता है। | 1 | 6 |
| | कल्पना है। | 1 | |
| | स्वाभाविकता है। | 1 | |
| 18 | मुख्य घटना का विवरण संक्षेप में है। | 2 | |
| | रपट की अनुकूल भाषा है। | 2 | |
| | रपट की शैली है। | 1 | 6 |
| | प्रेरणादायक है। | 1 | |
| 19 | घटना की सूचना है। | 1 | |
| | घटनाओं को क्रमबद्ध किया है। | 2 | |
| | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 1 | 6 |
| | आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2 | |

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 20 | भूमिका है। | 2 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | |
| | क्रमबद्धता है। | 2 | 8 |
| | उपसंहार है। | 2 | |
| 21 | अनुभव की सूचना है। | 2 | |
| | अनुभवों को क्रमबद्ध किया है। | 2 | |
| | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | 8 |
| | आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2 | |
| 22 | भूमिका है। | 2 | |
| | सभी साहित्यिक विधाओं की सूचना है। | 2 | |
| | विषय का विस्तार किया है। | 2 | 8 |
| | उपसंहार है। | 2 | |
| 23 | भूमिका है। | 2 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | |
| | क्रमबद्धता है। | 2 | 8 |
| | उपसंहार है। | 2 | |